हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


जहरीला खाना खाने से बेहोश हुए एक ही परिवार के .... 10


हर वर्ग विकास की मुख्य धारा से जुड़कर ... 10



## खबर संक्षेप



### जूनापानी में उल्टी-दस्त जारी शिविर में मिले दो नए मरीज

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा के उप स्वास्थ्य केंद्र चिड़पाल के आश्रित ग्राम जूनापानी में लगातार तीसरे दिन रविवार को भी शिविर लगाया गया। शिविर में दो नए मरीज मिले, सुखमति मंडावी उम्र 40 जूनापानी और भुवनेश्वरी 18 साल डेंग आमापारा की बुखार और दस्त के कारण दवाई लेने पहुंचे थे। दोनों मरीजों को शिविर स्थल पर भी उपचार दिया गया और कमजोरी लगने की शिकायत करने पर घर पर भी इलाज दिया गया। इसके अलावा शुक्रवार को जिन उल्टी-दस्त चार मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में भर्ती किया गया था। उन सभी को स्वास्थ्य लाभ होने पर वहां से डिस्चार्ज कर दिया गया है। ग्राम जूनापानी में स्वास्थ्य टीम द्वारा 12 घरों के 74 व्यक्तियों का सर्वे कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई, ग्राम में स्थिति सामान्य है। सेक्टर प्रभारी सुभाष राजवाड़े, रविंद्र बघेल आरएचओ और पद्मिनी मौर्य 2 एएनएम द्वारा सोमवार को भी यहां पर शिविर लगाया जाएगा।

### सांसद कश्यप ने 6 जिलों में नियुक्त किए अपने प्रतिनिधि

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप ने अपने संसदीय क्षेत्र बस्तर के 6 जिलों में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। बस्तर जिलें में वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद मोहन मिश्रा, कोंडागांव में खेमचंद नेताम, नारायणपुर में मंगऊ राम कावड़े, दंतेवाड़ा में नवीन विश्वकर्मा, सुकमा में अरूण सिंह भदौरिया तथा बीजापुर जिले के लिए जिला राम राणा को सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। इसकी सूचना सांसद महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बस्तर क्षेत्र के सभी विधायक और जिला अध्यक्ष ,निवार्चन क्षेत्र के सभी कलेक्टर और विभाग प्रमुखों को दी हैं।

### नौकरी में बस्तर के युवाओं की हो रही उपेक्षाः बिसाई

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी सरकार पर छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया हितों की विरोधी होने का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजय



बिसाई ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि एनएमडीसी भर्ती के विज्ञापन से स्पष्ट है कि भाजपा की मंशा छत्तीसगढ़िया हित में नहीं है। जमीन हमारी, खनिज हमारा और हमारे ही प्रदेश के युवाओं को नौकरी देने में उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा है कि मुख्यालय छत्तीसगढ़ में नहीं होने की वजह से ही कॉरपोरेट टैक्स में राज्य सरकार का हिस्सा, जीएसटी से राज्यांश जैसे अनेकों लाभ तेलंगाना को मिल रहा है।

### टमाटर 15 रुपए किलो, करेला 60 तो भिंडी 50 रुपए में बिकी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के नानगुर जंगलों से बोड़ा मिलने से बाजार 300 रूपए सोली में बिका रहा है, जहां बोड़ा खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। बाजार में टमाटर 15, करेला 60, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 20, भिंडी 50, आलू 18, प्याज 22, अदरक 18, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जुड़ी बिक रहा है।



# पर्यावरण को बचाना हम सभी का कर्तव्य है : देव

## एक पेड़ मां के नाम के तहत विधायक ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महारानी अस्पताल परिसर के शासकीय नर्सिंग कालेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने पौधरोपण किया। विधायक ने कहा कि वर्तमान में हम सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना आवश्यक है। पर्यावरण को संतुलित करने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। एक पेड़ मां के नाम में सभी से अपील है कि सभी एक पेड़ अवश्य लगाएं। उस पेड़ का संरक्षण करें। पर्यावरण दिवस पर लगातार पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जाएगा । विश्व आज ग्लोबल वार्मिंग का दंश झेल रहा है । जिसके लिए हम सभी को पर्यावरण को संतुलित रखना है । जिसके लिए हमें पौधे लगाना आवश्यक है । हमारे जीवन में पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस दौरान सीएमओएचओ डॉ संजय बसाक, रेडक्रास पर्यावरण उप समिति के अध्यक्ष विधुशेखर झा, डॉ प्रदीप पांडे, डॉ सरिता थॉमस, यशवर्धन राव, आरेंयद्र आर्य, संपत झा,रतन व्यास रोशन झा, वाय एन कुकड़े , कोटेश्वर राव, अंजू झा, नसिंर्ग कॉलेज की प्राचार्य, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।



### प्रताप देव वार्ड में रोपे गए पौधे

वन विभाग द्वारा प्रताप देव वार्ड में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विधायक द्वारा पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा मिश्रा, डीएफओ उत्तम गुप्ता, रेंज ऑफिसर देवेंद्र वर्मा,अवधेश शुक्ला ,किशोर पारेख, आशुतोष पांडे, श्रीपाल जैन, किशोर महावर, शिरीष मिश्रा एवं वार्ड वासी उपस्थित थे ।

## सुबह से वन अमला गश्ती पर निकला, अतिक्रमण के विरुद्ध गांव-गांव में की मुनादी

# भानपुरी, बस्तर एवं करपावंड परिक्षेत्र में अतिक्रमण पर विभाग ने चलाया जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के भानपुरी, बस्तर एवं करपावंड परिक्षेत्र में वन भूमि के अतिक्रमण पर वन विभाग ने जेसीबी चलाया, जिससे अतिक्रमणकारियों को वन भूमि से हटाया गया। रविवार को परिक्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। सुबह से ही वन अमला गश्ती पर निकला। अतिक्रमण के विरुद्ध गांव-गांव में मुनादी की गई। ट्रैक्टर मालिकों के जंगल जुताई करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आदतन जंगल जुताई करने वाले वाहन मालिकों की पहचान की जा रही। साथ ही इन पर मुखबिर के माध्यम से नजर रखी जाएगी। बकावंड रेंज उलनार बीट के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी मॉनिंग गश्त पर रहे। बस्तर परिक्षेत्र अंतर्गत कुगारपाल सर्किल के परिसर चेराकुर के वन क्षेत्र में सामूहिक रूप से परिक्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों का मौका निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र करपावंड के मोकागांव बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 1146, आरएफ 166 में किए गए अतिक्रमण स्थल का शनिवार को वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा और वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण के दौरान तत्काल अतिक्रमण स्थल में बनाए गए मेढ़ को जेसीबी की सहायता से समतलीकरण करने और भू जल संरचनाओं के तहत कंटॉवर ट्रेंच बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके परिपालन में रविवार को वन प्रबंधन समिति मोकागांव के सदस्यों, परिसर रक्षक मोकागांव, परिक्षेत्र सहायक धनपुर एवं वन परिक्षेत्र करपावंड के समस्त कर्मचारियों द्वारा मोकागांव बीट कक्ष क्रमांक आरएफ 166 में अतिक्रमण स्थल में बनाए गए मेढ़ को समतलीकरण और भू-जल संरचनाएं बनाई जा रही है। परिक्षेत्र के अन्य अतिक्रमण स्थलों में भी मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त और वन मंडलाधिकारी बस्तर के निर्देशानुसार कार्रवाई प्रस्तावित है। जिनमें शीघ्र ही नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

■ आदतन जंगल जुताई करने वाले वाहन मालिकों की कर रहे पहचान





### क्षेत्र के अधिकारियों को दिए निर्देश

वन विभाग जगदलपुर वृत के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि क्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी एवं मैदानी अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वन भूमि के अतिक्रमण को हटाएं। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली गुल से लोहंडीगुड़ा निवासी रोज हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ब्लॉक मुख्यालय लोहंडीगुड़ा में बिजली गुल से लोग परेशान है। बिजली गुल होने के बाद आने का कोई ठिकाना नहीं होने से लोग बिजली विभाग को कोस रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने तथा भाजपा कार्यालय के बगल में दवाई दुकान है। जहां फ्रीज में रखने वाली उपयोगी दवाइयां बिजली गुल होने से खराब होने की बात दुकानदार ने कही है। वहीं अस्पताल में भर्ती और दूरदराज से आने वाले ग्रामीण पंखे नहीं चलने से गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। दुकानदार भी परेशान हैं वहीं होटल में गर्मी के समय कोल्ड ड्रिक्स, लस्सी और अन्य पदार्थ ठंडे नहीं होने से ग्राहकों को ठंडाई वाला सामान नहीं मिल पा रहा है। वहीं कम्पयूटर नहीं चलने से सरकारी काम भी प्रभावित हो रहा है।

लोगों ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बिजली विभाग का कार्यालय लोहंडीगुड़ा में है लेकिन बिजली गुल होने के बाद कई घंटो तक परेशानी झेलने वाले उपभोक्ताओं को सही जवाब और राहत नहीं मिल पा रही है। जबकि चित्रकोट जलप्रपात नजदीक होने से बाहर से पर्यटक भी पहुंचते हैं। उन्हें भी गर्मी और उमस के कारण परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रसिद्ध पर्यटन स्थल का क्षेत्र होने से 24 घंटे बिना रूकावट के बिजली की सुविधा मिलने की मांग शासन, प्रशासन और जन प्रतिनिधिओं से की है।

■ जाने के बाद घंटों नहीं आने से गर्मी से लोग होते रहते हैं हलाकान

# तेलुगु सोनार समाज कार्यकारिणी का गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आंध्र समाज भवन में तेलुगु सोनार समाज के नाम से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए गुप्त मतदान कराया गया जिसमें सीएच नागेश्वर राव सोनी को भारी मतों से समाज का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

नव घटित समाज हेतु संरक्षक सदस्यों की भी घोषणा की गई, जिनमें सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठतम सदस्यों में से के रमेश सोनी, एल गुप्तेश्वर राव सोनी, सीएच सत्तीराजू सोनी, पी चंद्रा राव सोनी, के रामाराव सोनी, मानेपल्ली प्रसाद राव सोनी को सर्वासहमति से मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त सचिव पद के लिए एच सुनील सोनी, एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए के हेमंत सोनी, उपाध्यक्ष पद के लिए ए शंकर राव सोनी,सह सचिव पद के लिए तरलाडा श्रीनू सोनी ने स्वयं आगे आकर समाज में अपनी सेवा प्रदान करने इच्छा जाहिर की, जिसे सभा द्वारा स्वीकार किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सीएच नागेश्वर राव सोनी ने कहा कि कार्यकारिणी में कुछ और सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। ताकि समाज का संचालन और भी प्रभावी ढंग से हो सके।

## कोतवाली के सामने शराब दुकान खोलने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोतवाली के समीप नवीन शराब दुकान खोलने के निर्णय की सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने निंदा की है । उन्होंने जारी बयान में कहा कि यह निर्णय न केवल स्थानीय निवासियों के जीवन को प्रभावित करेगा, बल्कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता और व्यापारिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालेगा। शहर की मयार्दा से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। चांदनी चौक स्थित शराब दुकान को लेकर लंबे समय से विरोध और प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अभी तक शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब जनभावना को धता बताकर शहर के मध्य नवीन प्रीमियम शराब दुकान खोलने का निर्णय सामने आ रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यजनक है।



# ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा कर भाईचारे की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

राज्य के अंतिम छोर पर बसे कोंटा नगर पंचायत में मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अज़हा को हर्षोल्लास के साथ मनाया। ज्ञात हो कि मुस्लिम ग्रंथों के अनुसार ईद-उल-अज़हा बक़रीद का त्यौहार कुर्बानी के नाम से मनाए जाने वाले दुसरे सबसे बड़े त्यौहार के रूप में जाना जाता है।

खुदा की राह में हर चीज कुर्बान करने के जज्बे का संदेश के साथ इस पाक मुकद्दस त्यौहार में जानवर की कुर्बानी देना तथा अपनी नीयत घमंड लालच नफरत की कुर्बानी जरूरी होती है। सच्चे ईमान वालों इंसानों के लिए मुस्लिम समाज का यह ग्रंथ हदीस भलाई व सच्चाई ईमानदारी एवमं अपने हबीब के सदके में मुस्लिम समुदाय के भाईयों द्वारा हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अज़हा बक़रीद के तौर पर मनाया जाता है । कोंटा नगर के ईदगाह में पौने आठ बजे अंजुमन इस्लामिया कमेटी जामा मस्जिद के मौलाना जुल्फिकार अहमद ने ईद-उल-अज़हा की नमाज पढ़ाकर मुल्क के अमनों चैन व भाई चारे की दुआ कराते हुए हर इंसान के खैर खाई के लिए दुआ मांगी गई । इस अवसर पर कोंटा शहर के मुस्लिम समुदाय के साथ आस पास गांवों के मुस्लिम भाईयों तथा वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रहे सीआरपीएफ के जवानों ने कोंटा के ईदगाह में नमाज अदा कर दुआ मांगी।



## शिक्षकों के पूर्व स्वीकृत सेटअप के अनुरूप हो नियुक्तियां : सर्व आदिवासी समाज

# शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों पर 11 को प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग की एक अहम बैठक आज नयापारा स्थित संभागीय कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में बस्तर जिले के सभी समाज प्रमुख, बुद्धिजीवी वर्ग, सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी संगठन, युवा एवं छात्र संगठन, महिला प्रभाग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बस्तर संभाग में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय करना था। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 11 जून को बस्तर संभाग में व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण में सामने आ रही अनियमितताओं, स्कूलों के बंद होने, शिक्षकों की कमी, अतिशेष शिक्षकों की उचित नियुक्ति और पदोन्नति में हो रही देरी के विरोध में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय पारित किए गए।

बैठक में बस्तर संभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत बंद किए जा रहे स्कूलों को उनके पूर्व डाइड कोड के साथ पुनः चालू किया जाए। बैठक में इसके अतिरिक्त प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्व स्वीकृत 1:5 सेटअप नीति के अनुरूप नियुक्तियां करने। सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे जिलों में संचालित पोटा केबिन स्कूलों में विषय और छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति कर उचित व्यवस्था की मांग की गई। साथ ही, शिक्षा विभाग में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों को बंद करने की भी मांग रखी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु के तहत पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में स्थानीय भर्ती प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। साथ ही, स्थानीय मातृभाषा में शिक्षा हेतु स्थानीय शिक्षकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। वरिष्ठ शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 3 मई 2023 एवं 24 फरवरी 2025 को पारित आदेशों के तत्काल क्रियान्वयन की मांग भी उठाई गई। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया कि बस्तर संभाग में डी. एड. और बी. एड. महाविद्यालयों की संख्या कम है, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण बाधित हो रहा है। अतः आगामी शिक्षक भर्तियों को ध्यान में रखते हुए डीएड-बीएड शिथिलता का प्रावधान कर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण ⏭ शेष पेज 10 पर

■ नयापारा संभागीय कार्यालय में हुई बैठक, लिया निर्णय



# बकाया टैक्स वाले वाहनों की होगी कुर्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग में पहली बार परिवहन विभाग वाहनों पर टैक्स बकाया के लिए कुर्की की तैयारी करेगा। इसके लिए मालिकों के वाहनों एवं चल, अचल संपत्ति ब्यौरा ले रहे हैं। परिवहन विभाग के आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बस्तर के वाहनों से टैक्स बकाया वसूली में जुटे हैं। इसकी वसूली के लिए आरटीओ ने बकायादार वाहन मालिकों को नोटिस देकर बकाया का भुगतान करने को कहा गया। भुगतान नहीं देने पर दूसरी नोटिस दी जाएगी, उसके बाद तीसरी बार नोटिस के साथ वाहन की कुर्की की जाएगी। जिस टैक्स बकाया वाले वाहन नहीं मिलने पर मालिक की दूसरी वाहन या संपत्ति की कुर्की की जाएगी। आरटीओ बकायादार मालिकों की वाहन एवं राजस्व विभाग से चल, अचल संपत्ति का जानकारी ले रहे हैं।



### टैक्स बकाया का भुगतान करें

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि टैक्स बकाया वाले वाहन के मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसलिए बकायादार वाहन के मालिक शीघ्र ही टैक्स बकाया का भुगतान करें।

